24143
6-4-22

दिनॉकः 04.04.2022

सेवा में,

अपीलेट अधिकारी (आवासीय सम्पत्ति अनुभाग),
ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण।

विषयः- **जन सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत अपील का प्रेषण**

महोदय,

मेरे द्वारा जन सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत दिनॉक 25.2.2022 को जन सूचना अधिकारी (आवासीय सम्पत्ति) के समक्ष कतिपय सूचनाऐं उपलब्ध कराए जाने के लिए आवेदन किया गया था जिसके साथ निर्धारित फीस इत्यादि भी मेरे द्वारा जमा कराई गई थी।

जन सूचना अधिकारी (सम्पत्ति) द्वारा पत्र दिनॉक 26.3.2022 के माध्यम से मुझे जो सूचनाऐं उपलब्ध कराई गई हैं वह आवेदन में मॉगी गई सूचनाओं से इतर हैं तथा मैं उपलब्ध कराई गई सूचनाओं से सहमत नहीं हूॅ। अतः मैं जन सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत अपनी अपील आपके समक्ष इस अनुरोध के साथ प्रेषित कर रहा हूॅ कि मेरे द्वारा आवेदित सम्पूर्ण सूचनाऐं मुझे नियमानुसार उपलब्ध कराने का कष्ट करें। मूल आवेदन पत्र की छायाप्रति मैं इस पत्र के साथ संलग्न कर आपको प्रेषित कर रहा हूॅ।

R7L-20327
Prop

भवदीय,

(अमित कसाना)
एस-03, पॉकेट-ए,
ग्रेटर नौएडा स्टॉफ हाउसिंग,
सैक्टर-बीटा-।, ग्रेटर नौएडा।
9911285880

Ref. D.G.M(Prop)
APP. 3475
7.4.2022

AA. DGM Property
7/4/22

14607
25-2-22

सेवा में,

जन सूचना अधिकारी (सम्पत्ति)
ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड सं0 1, सैक्टर– नॉलेज पार्क–4
ग्रेटर नौएडा, गौतमबुद्ध नगर ।

विषयः– जन सूचना अधिकार अधिनियम के अर्न्तगत Plot No. B-171, Sector- Omicron- III, Area 162 Sqm की सूचना प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में ।

कृपया जन सूचना अधिकार अधिनियम के अर्न्तगत निम्नलिखित सूचनाएं उपलब्ध कराने का कष्ट करें –

1. उपरोक्त भूखण्ड पर अतिरिक्त प्रतिकर धनराशि किस दर पर ली जा रही है। आदेश की प्रति
2. उपरोक्त भूखण्ड पर अतिरिक्त प्रतिकर धनराशि जमा कराने हेतु प्राधिकरण द्वारा प्रथम बार कब सूचित किया गया था। पत्र की प्रति
3. उपरोक्त भूखण्ड पर प्राधिकरण द्वारा जारी पत्र दिनांक 31.12.2021 में अतिरिक्त प्रतिकर की मूल धनराशि कितनी है एवं ब्याज की कितनी है । पृथक–2 सूचना
4. उपरोक्त भूखण्ड पर बिना ब्याज के अतिरिक्त प्रतिकर की मद में कितनी धनराशि जमा की जानी थी और कब तक ।
5. ग्रेटर नौएडा औ0वि0 प्राधिकरण में कार्यरत कितने अधिकारी/कर्मचारियों को सैक्टर ओमिकान–3 में स्टाफ कोटे के अर्न्तगत भूखण्ड आवंटन किये गये हैं। सूची
6. ग्रेटर नौएडा औ0वि0 प्राधिकरण में कार्यरत कितने अधिकारी/कर्मचारियों ने आंवटित भूखण्डों को विकय कर दिया है। सूची
7. ग्रेटर नौएडा औ0वि0 प्राधिकरण में कार्यरत कितने अधिकारी/कर्मचारियों ने अतिरिक्त प्रतिकर धनराशि जमा की है। पूर्ण सूची
8. ग्रेटर नौएडा औ0वि0 प्राधिकरण में स्टाफ कोटे के अर्न्तगत उक्त सैक्टर में एवं अन्य सैक्टरों में किस–2 भूखण्ड का हस्तांतरण बिना अतिरिक्त प्रतिकर धनराशि जमा कराये किया है। सूची
9. ग्रेटर नौएडा औ0वि0 प्राधिकरण में स्टाफ कोटे के अर्न्तगत दिनांक 31.03.2008 से दिनांक 25.02.2022 तक कितने भूखण्डो के अंतरण/हस्तांतरण हुए है एवं उनमें से किस–किस ने अतिरिक्त प्रतिकर धनराशि जमा की है। सूची
10. उपरोक्त भूखण्ड पर प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र की छायाप्रति ।
11. उक्त भूखण्ड पर प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त अदेयता प्रमाण पत्र की छायाप्रति

संलग्नक 1. पोस्टल ऑर्डर सं0 56F 356280
2. डी0एल0 की छायाप्रति

भवदीय

(हस्ताक्षर)

25-2-22

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
कार्यालय, 01, सैक्टर नॉलेज पार्क–4
ग्रेटर नौएडा सिटी 201308
जिला–गौतमबुद्ध नगर (उ0प्र0)

(अमित कसाना)
एस–3, पॉकेट–ए, ग्रेटर नौएडा स्टाफ हाउसिंग
सैक्टर–बीटा–I, ग्रेटर नौएडा